बस्तर संभाग के युवाओं से भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री ने युवाओं को दी अनेक सौगात

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर संभाग में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत जगदलपुर के शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज मैदान धरमपुरा में युवाओं से चर्चा की, उनकी आकांक्षाएँ जानीं और उनके हित में अनेक घोषणाएँ मौके पर ही कीं।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंडागाँव में कुश्ती एकेडमी शुरू करने और सुकमा में अगले वर्ष से कृषि महाविद्यालय आरंभ किये जाने की घोषणा की।
- भेंट-मुलाकात के दौरान नारायणपुर के युवाओं ने आउटडोर स्टेडियम तथा सेंट्रल लाइब्रेरी की मांग की, इसे भी पूरा किया गया। नारायणपुर में पीएमटी गर्ल्स कॉलेज में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 किये जाने की घोषणा भी की गई।
- मुख्यमंत्री ने छात्राओं की सुविधा के लिये जगदलपुर दंतेश्वरी गर्ल्स कॉलेज में हॉस्टल को भी स्वीकृति दी।
- कांकेर के चारामा में डीसीए और पीजीडीसीए के साथ ही पीजी कॉलेज खोलने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल से यह कोर्स आरंभ हो जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा हितों में लिये गए बड़े फैसलों की जानकारी भी युवाओं को दी-
  - उन्होंने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित किया जाएगा।
  - शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से महाविद्यालय तक आने हेतु बस की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी।
  - छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लंबी कूद, 100 मीटर दौड़ एवं कुश्ती के खेल में 18 से 40 वर्ष के आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया जाएगा। यह प्रावधान इसी वर्ष से लागू किये जाएंगे।
  - दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी ऑनलाइन विकासखंड मुख्यालयों में हो सकेगी।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-gave-many-gifts-to-the-youth-in-the-meeting-with-the-youth-of-bastar-division